यूपीजीआईएस-2023

प्रदेश में होने वाला हर निवेश होगा सुरक्षित, प्रदेश सरकार देगी हर संभव मदद: मा. मुख्यमंत्री

-मा. मुख्यमंत्री ने यूके के निवेशकों को दिया भरोसा, प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित

-यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में करेगा बड़ा निवेश: श्री एलेक्स चॉक

-सेशन के दौरान यूके की 6 कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए डीके अपने प्रस्ताव

लखनऊ, 12 फरवरी, 2023: राजधानी लखनऊ में हो रहे जीआईएस-23 में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश की इस महान धरती पर खड़े होकर पूरे विश्व को निवेश के लिए न्योता देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं राइस बास्केट के तौर पर मशहूर इस प्रदेश के इस कार्यक्रम के हम सब साक्षी बने यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इसके लिए मैं सीएम योगी को आश्वस्त करता हूं। ये बातें जीआईएस के तहत दधीचि हाल में आयोजित यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्री/डिफेंस सेशन में ब्रिटिश गवर्नमेंट के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर श्री एलेक्स चॉक केसी ने कही। इस दौरान मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सहयोग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी। इस दौरान सेशन में यूके की 6 कंपनियों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

यूके डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध

यूके के मिनिस्टर श्री एलेक्स चॉक ने कहा कि हम प्रदेश में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत वृहद स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है और इस भूमिका में हमारा योगदान निवेश के साथ ही स्ट्रैटेजिकल व टैक्टिकल वेपनरी के निर्माण समेत कई क्षेत्रों में होगा। इससे उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में

सक्षम होगा। साथ ही वैश्विक परिदृश्य में एक्सपोर्ट के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश धाक जमाने में सक्षम होगा। सक्षम उत्तर प्रदेश न केवल भारत एशिया पैसिफिक रीजन बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और इसी कारण से दुनिया आशा और उम्मीद के साथ उत्तर प्रदेश के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना को साकार होते देखने का साक्षी बनने के लिए तत्पर है।

डिफेंस एंड एयरोस्पेस हमारी प्राथमिकताओं में

मा. मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्यनाथ ने यूके गवर्नमेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीआईएस-23 को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यूके की पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता और योगदान हमारे लिए अनुकरणीय है। प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने के लिए जिन 25 सेक्टर्स पर फोकस किया गया है उनमें डिफेंस एंव एयरोस्पेस पहली प्राथमिकता पर है, जिसे तेजी के साथ विकास के पथ पर हम भारत सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार ने भी अपनी डिफेंस एंड एयरोस्पेस को लेकर एक नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत हम उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश इस सेक्टर में हब के रूप में विकसित होकर उभरे। मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस नीति के तहत हर एक निवेशक को प्रदेश के अंदर सुरक्षित निवेश की गारंटी देने के साथ प्रदेशवासियों के लिए फलदाई बनाने और आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस-23 में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी।

पीएम मोदी के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के सपने से साकार करेंगे यूके के डेलीगेशन

मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी जीआईएस-23 अपनी सफलता की एक नई कहानी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे बोलने में कोई संकोच नहीं की भारत और यूके के संबंध एक सुदृढ़ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं और मा. प्रधानमंत्री जी ने इन द्विपक्षीय संबंधों को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। इसी का परिणाम है कि आज यूके से जुड़े तमाम निवेशक न केवल जीआईएस-23 में भागीदार बन रहे हैं बल्कि स्वयं यूके के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर अपने भारी-भरकम डेलिगेशन के साथ प्रदेश में उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आए हैं। मा. प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के 6 नोड बनाने के जिस कार्यक्रम की घोषणा की थी उस दृष्टि से आज का यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण फलदाई साबित होगा।